# पंखुड़ियाँ-7

## 1. हम सब समान

**1. कविता के आधार पर दिए वाक्यों के सामने 'हाँ' या 'नहीं' लिखिए।**

(क) हम सब मिलकर नई तान गाएँगे। __________

(ख) हम सब मिलकर साथ रहेंगे। __________

(ग) हम दुख-सुख में साथ रहेंगे। __________

(घ) हम सब मिलकर गंगा में डूब जाएँगे। __________

(ङ) हम सब मिलकर नवयुग का विहान लाएँगे। __________

(च) हम सब असमान हैं। __________

**2. नीचे दिए शब्दों के तुकवाले शब्द लिखिए।**

तान – __________ रहेंगे – __________ सुख – __________

घुल – __________ समान – __________ प्राण – __________

**3. नीचे दिए वाक्यों में संज्ञा को पहचानकर उनके भेद लिखिए।**

| | संज्ञा शब्द | भेद |
|---|---|---|
| (क) छाया तेज़ी से दौड़ने लगी। | छाया | व्यक्तिवाचक |
| (ख) ताज़महल बहुत सुंदर है। | __________ | __________ |
| (ग) बिल्लियाँ झगड़ रही थीं। | __________ | __________ |
| (घ) सभी बुढ़ापे से डरते हैं। | __________ | __________ |
| (ङ) लड़के खेल रहे हैं। | __________ | __________ |
| (च) नितिन गिर गया। | __________ | __________ |

**4. नीचे वर्ग में कुछ भाषाओं के नाम दिए गए हैं। ढूँढ़कर लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ल | अं | ग्रे | ज़ी | मं |
| क | न्न | ड़ | ते | दा |
| हिं | त | मि | लु | रि |
| दी | ची | नी | गू | न |
| उ | र्दू | ने | पा | ली |

__________ __________

__________ __________

__________ __________

__________ __________

**5. नीचे दिए शब्दों के अलग-अलग अर्थवाले वाक्य बनाइए।**

(क) चीनी – चीन में चीनी भाषा बोली जाती है।

चीनी – चीनी में बहुत मिठास है।

(ख) तान – ____________________

तान – ____________________

(ग) मान – ____________________

मान – ____________________

(घ) बाल – ____________________

बाल – ____________________

**6. साथ मिलकर हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं? सही वाक्य के सामने ( ✓ ) लगाइए।**

- साथ मिलकर हम एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम एक-दूसरे के सुख-दुख में काम आ सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम एक-दूसरे की समस्याओं को हल कर सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम एक-दूसरे को नीचा दिखा सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम एक-दूसरे से अपने मन की बात कह सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम एक-दूसरे के राज़ खोल सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम उन्नति के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। ☐
- साथ मिलकर हम दूसरों को तंग कर सकते हैं। ☐

## 2. मक्खीचूस बल्लूशाह

**1. पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

(क) बल्लूशाह को क्या पसंद नहीं था?

☐ पैसा खर्च करना ☐ पैसा कमाना ☐ पैसा माँगना

(ख) शुरू में बल्लूशाह ने कितने ब्राह्मणों को भोजन कराने की बात कही?

☐ एक ब्राह्मण को ☐ 500 ब्राह्मणों को ☐ 1000 ब्राह्मणों को

(ग) अंततः बल्लूशाह ने कितने ब्राह्मणों को भोजन कराया?

☐ एक ब्राह्मण ☐ 50 ब्राह्मण ☐ 500 ब्राह्मण

**2. नीचे दिए वाक्यों में क्रिया शब्दों को पहचानकर उनके भेद बताइए।**

| | सकर्मक/अकर्मक |
|---|---|
| (क) वह नारियल के पेड़ पर चढ़ गया। | ____________ |
| (ख) उसकी नज़र ज़मीन पर पड़ी। | ____________ |
| (ग) वह डर गया। | ____________ |
| (घ) उसने भगवान को याद किया। | ____________ |
| (ङ) वह मुसकराने लगा। | ____________ |

**3. नीचे दिए रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।**

(क) बल्लूशाह को <u>पैसा</u> बहुत अच्छा लगता था।

______________________________________________

(ख) <u>पेड़</u> पर फल लगा था।

______________________________________________

(ग) उसने <u>ब्राह्मण</u> को खाना खिलाया।

______________________________________________

(घ) बल्लूशाह ने अपनी पत्नी को सारी <u>बात</u> बताई।

______________________________________________

**4. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

(क) पैसा खर्च करने में जिसकी जान निकलती हो ____________

(ख) दूर की सोचने वाला ____________

(ग) जो सोच-समझकर कार्य करे ____________

(घ) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो ____________

**5. नीचे दिए शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| संतुष्ट – ________ | दूर – ________ | कंजूस – ________ |
| समझदार – ________ | सफल – ________ | प्रसन्न – ________ |

**6. नीचे दिए शब्दों के शब्द युग्म बनाकर लिखिए।**

सही साठ सलामत बाग जैसे सरकते सेठानी पचास
तैसे सरकते सेठ कंजूस बाग मक्खीचूस

________ – ________ ________ – ________

________ – ________ ________ – ________

________ – ________ ________ – ________

________ – ________

**7. उन बातों पर ( ✓ ) लगाइए जो बल्लूशाह को कंजूस-मक्खीचूस बताती हैं।**

- किसी को मज़दूरी न देकर स्वयं पेड़ पर चढ़ जाना। ☐
- झटपट ढेर सारे नारियल तोड़ गिराना। ☐
- एक हज़ार ब्राह्मणों को भोजन करवाने का प्रण करना। ☐
- धीरे-धीरे ब्राह्मणों की संख्या कम होते जाना। ☐
- केवल एक ही ब्राह्मण को भोजन के लिए बुलवाना। ☐
- पत्नी को ब्राह्मण के भोजन का प्रबंध करने के लिए कहना। ☐
- पंडित को दो रोटी, थोड़ी-सी सब्ज़ी और छोटी कटोरी दही देने की बात कहना। ☐

# 3. बुद्धि और भाग्य

**1. पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

(क) भाग्य ने गड़रिए को सबसे पहले क्या दिया?

☐ सौ भेड़-बकरियाँ ☐ रत्नजड़ित खड़ाऊँ ☐ सोने का ढेर

(ख) सम्राट ने सौदागर को कौन-सी पदवी दी?

☐ राजदूत की ☐ महामंत्री की ☐ गुप्तचर की

(ग) पीतल का ढेर किसमें बदल गया था?

☐ सोने में ☐ चाँदी में ☐ हीरे में

(घ) सौदागर गड़रिए की शादी किससे करवाना चाहता था?

☐ अपनी बेटी से ☐ राजकुमारी से ☐ मंत्री की बेटी से

(ङ) पायलों की आवाज़ सुनकर गड़रिया क्या करने लगा?

☐ खिड़की से कूदने लगा ☐ नाचने लगा ☐ ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगा

**2. नीचे दिए प्रश्नों का एक शब्द में उत्तर दीजिए।**

(क) बुद्धि और भाग्य ने शक्ति प्रदर्शन के लिए किसे चुना? ______________

(ख) गड़रिए पर कौन मेहरबान था? ______________

(ग) सौदागर ने रत्न जड़ित खड़ाऊँ किसे भेंट की? ______________

(घ) बुद्धि के आते ही गड़रिए ने क्या किया? ______________

**3. नीचे दिए शब्दों के लिंग बताइए।**

सम्राट – ____________ खड़ाऊँ – ____________

बकरियाँ – ____________ झोंपड़ी – ____________

ऊँट – ____________ राजकुमारी – ____________

**4. नीचे दिए शब्दों में से मूल शब्द और उपसर्ग अलग करके लिखिए।**

| | मूल शब्द | | उपसर्ग |
|---|---|---|---|
| प्रदर्शन – | ____________ | + | ____________ |
| असुविधा – | ____________ | + | ____________ |
| सहर्ष – | ____________ | + | ____________ |

प्रशासन – ________ + ________

अमंगल – ________ + ________

स्वागत – ________ + ________

**5. नीचे दिए शब्दों को अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

(क) शक्ति – ________________

(ख) व्यापार – ________________

(ग) स्तब्ध – ________________

(घ) पुरस्कार – ________________

(ङ) आश्चर्य – ________________

**6. नीचे दी गई पहेलियों का सोच-समझकर उत्तर दीजिए।**

- वह कौन-सा जानवर है जो अपने बच्चे अपनी थैली में लेकर घूमता है? ________
- वह कौन-सी गाड़ी है जो पेट्रोल, सी.एन.जी. व डीजल के बिना चलती है? ________
- वह कौन-सी चीज़ है जो तेल, बैटरी व बिजली के बिना रोशनी देती है? ________
- वह कौन-सी चीज़ है जो बिना इंजन व बिना पंख के उड़ती है। ________

# 4. कितने प्यारे गाँव हमारे

**1. कविता के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) गाँव का जीवन कैसा है?

☐ शहर से न्यारा ☐ शहर जैसा ☐ शहर से उत्तम

(ख) गाँव के लोग किसमें लगे रहते हैं?

☐ सजने-धजने में ☐ नौकरी करने में ☐ खेती के कार्यों में

(ग) शहरों में अन्न कहाँ से आता है?

☐ गाँवों से ☐ विदेशों से ☐ दूसरे शहरों से

(घ) गाँव के घरों में क्या मिलता है?

☐ हीरे-जवाहरात ☐ दूध-दही ☐ फल-फूल

**2. नीचे दिए शब्दों का समास विग्रह कीजिए।**

लिपे-पुते – ____________ दूध-दही – ____________

देश-विदेश – ____________ हंसवाहिनी – ____________

त्रिमूर्ति – ____________ रात-दिन – ____________

**3. नीचे दिए शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए।**

| | | मूल शब्द | | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| समझदार | – | ____________ | + | ____________ |
| खबरदार | – | ____________ | + | ____________ |
| वैभवशाली | – | ____________ | + | ____________ |
| आश्चर्यचकित | – | ____________ | + | ____________ |
| मेहरबानी | – | ____________ | + | ____________ |
| मूर्खता | – | ____________ | + | ____________ |

**4. नीचे दिए शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए।**

दुल्हन – ____________ घर – ____________

सोना – ____________ रात – ____________

कृषक – ____________ राजमहल – ____________

5. 'इत' प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीव + इत | – जीवित | प्रकृति + इत | – ________ |
| हर्ष + इत | – ________ | चर्चा + इत | – ________ |
| भ्रम + इत | – ________ | लज्जा + इत | – ________ |
| संबंध + इत | – ________ | चिंता + इत | – ________ |

6. नीचे दिए वाक्यों को बहुवचन में लिखिए।

(क) खेत में फ़सल लहलहा रही है। ____________

(ख) महिला गीत गा रही है। ____________

(ग) फूल पर तितली मँडरा रही है। ____________

(घ) बच्चा खेल रहा है। ____________

(ङ) मछली पानी में तैर रही है। ____________

7. इनमें से गाँव में क्या-क्या देखने को मिलता है, उन पर ( ✓ ) लगाइए।

| | | |
|---|---|---|
| ☐ पेड़-पौधे | ☐ खेत-खलिहान | ☐ कल-कारखाने |
| ☐ झोपड़ियाँ | ☐ एयरपोर्ट | ☐ रेलगाड़ियाँ |
| ☐ झरने | ☐ कुएँ | ☐ तालाब |
| ☐ नदियाँ | ☐ ताँगे | ☐ कार-स्कूटर |
| ☐ बस | ☐ मोटर साइकिल | ☐ हवाई जहाज़ |